
# राजू की कहानी


FI8ANS




CEOP, BCCT, BRITISH COUNCIL द्वारा प्रकाशित कार्टून पुस्तिका Tam's tales का हिंदी रूपान्तरण.



माँ, मुझे यहाँ रहना अच्छा लगता है। हमारा यह छोटा सा घर है लेकिन हम सभी बहुत खुश हैं।

मुझमें रंग भरो




ये अलक है। सामने के घर में रहता है। मेरे माता–पिता अलक को अक्सर खाने के लिए बुलाते हैं।


अलक बहुत मिलनसार है लेकिन कभी-कभी मुझे बहुत शर्म आती है क्योंकि वह दूसरों की तुलना में मुझ पर ज्यादा ध्यान देता है।
!?
अलक मेरे साथ अकेले रहना पसंद करता है। लेकिन मुझे उसके साथ अकेले रहना पसंद नहीं। मैं अपने परिवार के साथ रहना चाहता हूँ।


जोर से मुक्का
अलक मेरे पैर पर अपना हाथ रख देता है। मैं चाहता हूँ कि वह मुझे अकेला छोड़ दे....
उफ !
उफ !
जब मैं तुमसे मिलने आता हूँ, तो तुम्हें अच्छा लगता है, है न राजू ? तुम, मुझे सबसे अच्छे लगते हो, पर यह बात किसी से बताना नहीं।
राजू ये पैसे रखो, सिर्फ तुम्हारे लिए ही है, तुम मेरे लिए बहुत खास जो हो।
मुझे पता है कि इन पैसों से मैं बहुत मज़े करुँगा लेकिन मुझे यह बात समझ में नहीं आती कि उसने मुझे क्यों दिया, मेरी माँ या पिता जी को क्यों नहीं दिया?
100





| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ड | च | ह |
| ट | ठ | ढ | ण | त | छ | क्ष |
| स | ष | श | ठ | थ | ज | प्र |
| म | य | र | ल | द | झ | ज्ञ |
| ब | फ | म | न | घ | ज | ो |
| ि | ं | ी | ु | ृ | ै | े |





चिंतित प्रसन्न दुखी भयभीत


मैं अपने माता–पिता को बताना चाहता हूँ लेकिन मुझे बहुत डर लग रहा है क्योंकि उसने किसी को बताने से मना किया है। वह कहता है कि यह पैसे सिर्फ मेरे लिए है। जब अलक मेरे पास होता है तो मैं बड़ा अजीब महसूस करता हूँ।
रात के खाने पर बुलाने के लिए धन्यवाद। सचमुच बहुत अच्छा लगा।
तुम कभी भी आ सकते हो अलक, तुम मेरे परिवार को बहुत अच्छे लगते हो।
गेंद इधर फेंको!
खेलने में बहुत मज़ा आता है।

मुझमें रंग भरो


हाय !
हलो बच्चो, क्या मैं भी तुम्हारे साथ खेल सकता हूँ?
उफ!!!!!


जब भी मैं अकेला होता हूँ तो अलक अक्सर मुझे छूता है, जैसे कि आज उसने मेरे हाथ को सहलाया जबकि इसकी कोई जरूरत नहीं थी।
उफ !!
वह मेरे नितम्ब को भी छूता है और काफी देर तक अपने हाथ वहीं रखे रहता है। यह बुरा लगता है।



## प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर दो–

**1**

**अलक के साथ राजू कैसा महसूस करता है ?**

अ. खुश।        ब. अजीब।

**2**

**वह अपने माता-पिता को इस बारे में क्यों नहीं बताता है ?**

अ. उसे यह अच्छा लगता है।        ब. वह बहुत डरा हुआ है।

**3**

**राजू कब खुश होता है ?**

अ. जब वह अपने परिवार के साथ होता है।


ब. जब अलक उसे छूता है।


**4**

**आपके विचार से अलक के छूने पर राजू को क्या करना चाहिए था ?**

अ. अपने किसी भरोसेमंद को यह सब बताना था।

ब. यह सब बंद होने की उम्मीद करता।




वयस्कों द्धारा तुम्हें गले लगाकर और चूम कर अपना प्यार जताना आम बात है।
लेकिन किसी को भी आपके शरीर के प्राइवेट अंगों को नहीं छूना चाहिए।
मेरी माँ ने मुझे और मेरी बहन को बताया है कि किसी को भी अपने शरीर के अंगों को छूने नहीं देना चाहिए।


मुझे ऐसे मत छूओ अलक! मुझे यह पंसद नहीं! तुम्हें इस तरह मुझे छूने का कोई अधिकार नहीं। मैं अपनी माँ को सब कुछ बताने जा रहा हूँ।
और वहाँ से भाग गया।
टिक
टिक


माँ, अलक मुझे परेशान करता है और मेरे प्राइवेट अंगों को छूता है।
राजू, तुम बहुत बहादुर हो। तुमने मुझे बता दिया अच्छा किया। अलक बुरा आदमी है। मैं वादा करती हूँ कि वह अब कभी तुम्हारे सामने नहीं आएगा।


यदि तुम्हारे साथ ऐसा कुछ होता है, तो इसमें तुम्हारा कोई दोष नहीं...
परन्तु तुम यह सावधानी रखो
अपने अनुभव और समझ पर भरोसा रखो। असहज होने पर अपने बड़ों को जरूर बताओ। डरो नहीं।
अपने किसी बड़े से अवश्य कहो जिन पर तुम्हें भरोसा हो।
ये लोग शिक्षक या माता-पिता या और कोई बड़े हो सकते हैं। वे तुम्हारी मदद कर सकते हैं।
जिन स्थानों पर अलक मुझे छूता था, वह गलत था इसलिए उसे पुलिस पकड़कर ले गई।


अब मेरे लिए सब कुछ ठीक है, क्योंकि मैंने अपनी माँ को सारी बात बता दी थी।
मेरी कहानी से तुम्हें अपनी सुरक्षा करने में मदद मिलेगी। मेरी शुभकामनाएँ

यदि तुम अपनी सुरक्षा के बारे में चिन्तित हो तो इन नम्बरों पर बात कर सकते हो–



**भारत**


100 – राष्ट्रीय पुलिस
1098 – बाल सहायता हेतु


(चाइल्ड हेल्प लाइन)



अपने परिवार या आस–पास उपलब्ध कोई नम्बर जिसे तुम यहाँ लिखना चाहो–

## क्या राजू की कहानी तुम्हें याद है–







FIH6QF

